# UP BOARD QUESTION PAPER - 2025

## CLASS - 12

## SUBJECT : ACCOUNTANCY

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. फर्म के लिए साझेदार के आहरण पर व्याज है

i) व्यय

ii) हानि

iii) आय

iv) इनमें से कोई नहीं

2. सामान्य लाभ पर औसत लाभ का आधिक्य कहलाती है

i) अधिलाभ

ii) निश्चित लाभ

iii) सामान्य लाभ

iv) असामान्य लाभ

3. पिछले तीन वर्षों के लाभ क्रमशः रु०6,000, रु० 13,000 तथा रु० 8,000 थे। औसत शुद्ध लाभ के दो वर्षों के क्रय पर ख्याति होगी

i) रु० 27,000

ii) रु० 81,000

iii) रु० 9,000

iv) रु० 18,000

https://www.upboardonline.com

4. अवकाश ग्रहण करने के समय पुनर्मूल्यांकन के लाभ-हानि को वहन किया जाता है

i) बचे हुए साझेदारों द्वारा

ii) सभी साझेदारों द्वारा

iii) नये साझेदारों द्वारा

iv) इनमें से कोई नहीं

5. किसी फर्म के विघटन पर, पूँजी खाते का अंतिम शेष स्थानांतरित कर दिया जाता है

i) वसूली खाता में

ii) लाभ और हानि खाता में

iii) नकद खाता में

iv) साझेदारों के ऋण खाता में

6. एक कंपनी में होता है

i) पृथक वैधानिक अस्तित्व

ii) स्थायी अस्तित्व

iii) सीमित दायित्व

iv) इनमें से सभी

7. जीरो कूपन बांड जारी किए जाते हैं

i) शून्य ब्याज दर पर

ii) ब्याज की निर्दिष्ट दर के साथ

iii) ब्याज की निर्दिष्ट दर के बिना

https://www.upboardonline.com

iv) इनमें से कोई नहीं

8. निम्न में से कौन कम्पनी के वित्तीय विवरण का भाग नहीं है ?

i) लाभ-हानि विवरण

ii) आर्थिक चिट्ठा

iii) लेजर खाता

iv) इनमें से कोई नहीं

9. निम्न में से कौन लाभदायकता अनुपात नहीं है ?

i) सकल लाभ अनुपात

ii) शुद्ध लाभ अनुपात

iii) संचालन अनुपात

iv) चालू अनुपात

10. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार किया जाता है

i) आर्थिक चिट्ठे से

ii) लाभ-हानि खाते से

iii) अतिरिक्त सूचनाओं से

iv) इनमें से सभी

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11. साझेदारी संलेख को समझाइए ।

12. साझेदारी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

13. आहरण पर ब्याज की गणना करने की किसी एक विधि को समझाइए ।

14. साझेदारी फर्म के पुनर्गठन से क्या तात्पर्य है ?

15. साझेदारी फर्म के विघटन से क्या आशय है ?

16. समता अंश की दो विशेषताएँ लिखिए ।

17. परिवर्तनीयता के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार बताइए ।

18. वित्तीय विवरण के दो उद्देश्य लिखिए ।

19. अनुपात विश्लेषण से क्या आशय है ?

20. वित्तीय क्रियाकलापों द्वारा रोकड़ अन्तर्वाह के दो उदाहरण लिखिए ।

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. अधिलाभ के आधार पर ख्याति की गणना करने की विधि को समझाइए।

22. नये साझेदार के प्रवेश के समय फर्म की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है ?

23. पूर्वाधिकार अंशों के प्रकारों की विवेचना कीजिए ।

24. निजी कम्पनी एवं सार्वजनिक कम्पनी में अन्तर बतायें ।

25. सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार समझाइए ।

26. चिट्ठे के लम्बवत् प्रारूप का नमूना दीजिए ।

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

27. ए, बी, सी और डी लाभ-हानि क्रमशः 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं । 31 मार्च, 2024 को साझेदारी का विघटन हो गया । इस तारीख को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था :

आर्थिक चिट्ठा 13 मार्च, 2024 को

https://www.upboardonline.com

| दायित्व | राशि (रु०) | सम्पत्तियाँ | राशि (रु०) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 1,20,000 | बैंक में रोकड़ | 8,000 |
| देय विपत्र | 20,000 | प्राप्य विपत्र | 40,000 |
| पूँजी : | | देनदार | 1,40,000 |
| ए 80,000 | | रहतिया | 92,000 |
| सी 1,20,000 | 2,00,000 | पूँजी : | |
| | | बी 40,000 | |
| | | डी 20,000 | 60,000 |
| | **3,40,000** | | **3,40,000** |

प्राप्य विपत्रों एवं देनदारों से पुस्तक मूल्य का 90% वसूल हुआ । रहतिया रु० 78,000 में बेचा जा सका । रु० 2,000 का अदत्त वेतन भी, जो उक्त चिट्ठे में प्रदर्शित नहीं था, चुकाया गया । वसूली के खर्चे रु० 6,000 हुए । बी दिवालिया है और उससे केवल रु० 32,000 ही वसूल हो सके । गार्नर बनाम मुर्रे का नियम लागू होगा । वसूली खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए ।

अथवा

किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने अथवा उसकी मृत्यु पर क्या-क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ? इनका निपटारा कैसे किया जाता है ?

28. आर कम्पनी लिमिटेड ने प्रत्येक रु० 100 वाले 5,000 अंशों का निर्गमन किया और इस सम्बन्ध में रु० 20 आवेदन पर, रु० 30 आवंटन पर, रु० 25 प्रथम याचना पर और रु० 25 द्वितीय एवं अंतिम याचना पर देय है । सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए । सोहन, जिन्हें 50 अंश आवंटित किये गये थे, ने प्रथम और द्वितीय तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं किया । शेष सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं। कम्पनी के संचालकों ने सोहन के अंशों का हरण कर लिया और इन्हें पूर्ण चुकता अंशों के रूप में रु०3,000 में पुनर्निर्गमित कर दिया । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

अथवा

कम्पनी की अंश पूँजी से आप क्या समझते हैं ? कम्पनी के अंश पूँजी का बँटवारा जिन प्रमुख श्रेणियों में किया जाता है, उनका वर्णन कीजिए ।

29. निम्नलिखित आर्थिक चिट्ठे से चालू अनुपात एवं त्वरित अनुपात की गणना कीजिए :

अबस कम्पनी लिमिटेड का आर्थिक चिट्ठा

(1 जनवरी, 2024 को)

| दायित्व | राशि (रु० लाख में) | सम्पत्तियाँ | राशि (रु० लाख में) |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 10 | भूमि | 5 |
| संचय | 5 | भवन | 5 |
| पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 5 | प्लाण्ट एवं मशीनरी | 8 |
| ऋणपत्र | 5 | फिक्सचर्स एवं फिटिंग्स | 2 |
| दीर्घकालीन ऋण | 5 | नकद | 1 |
| बैंक ऋण | 5 | बैंक | 2 |
| लेनदार | 3 | देनदार | 5 |
| देय विपत्र | 2 | प्राप्य विपत्र | 2 |
| | | रहतिया | 10 |
| | **40** | | **40** |

अथवा

ऋणपत्र को परिभाषित कीजिए । ऋणपत्रों का सहायक प्रतिभूति (समपार्श्विक) के रूप में निर्गमन से क्या आशय है । उदाहरण की सहायता से समझाइये |

30. निम्नलिखित सूचनाओं से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

https://www.upboardonline.com

| मदें | रु० |
|---|---|
| चालू वर्ष का शुद्ध लाभ | 1,00,000 |
| सामान्य संचय में हस्तान्तरण | 10,000 |
| देनदारों में कमी | 25,000 |
| देय विपत्रों में कमी | 20,000 |
| अपलिखित अंशों पर बट्टा | 5,000 |
| रहतिया में वृद्धि | 18,000 |
| मशीन बेचने से हानि | 12,000 |
| विनियोग बेचने से लाभ | 4,000 |

अथवा

'वित्तीय विवरणों' से क्या आशय है ? व्यावसायिक संस्था में हित रखने वाले विभिन्न पक्षों के लिए वित्तीय विवरणों की उपयोगिता एवं महत्व की विवेचना कीजिए ।

https://www.upboardonline.com